मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

रांची,दिनांक: 28/09/2024

मुख्यमंत्री सचिवालय रांची
विज्ञप्ति संख्या - 271/2024
28 सितम्बर 2024
मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय, रांची
============================

★ मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन से रांची महानगर श्री दुर्गा पूजा समिति के एक प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात।
============================

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन से आज कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में रांची महानगर श्री दुर्गा पूजा समिति के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन को विभिन्न पूजा पंडालों में सपरिवार पहुंचकर माता रानी के दर्शन करने हेतु सादर आमंत्रित किया। मौके पर मुख्यमंत्री को प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने मां दुर्गा की प्रतिमा और चुनरी भेंट कर सम्मानित किया तथा दुर्गा पूजा की तैयारियों से संबंधित बिंदुवार जानकारी से मुख्यमंत्री को अवगत कराया।

मौके पर मुख्यमंत्री के समक्ष प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी राज्य सरकार की ओर से रांची महानगर श्री दुर्गा पूजा समिति सहयोग की अपेक्षा रखती है। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने संयुक्त रूप से कहा कि आपके नेतृत्व में दुर्गा पूजा समितियों को प्रशासन की ओर से हरसंभव पूरा सहयोग मिलता रहा है। मौके पर प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार प्रकट करते हुए उन्हें धन्यवाद भी दिया।

राज्य सरकार की ओर से पूजा समितियों को सहयोग का दिया भरोसा

इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने रांची महानगर श्री दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों को भरोसा दिलाया कि राज्य सरकार रांची महानगर श्री दुर्गा पूजा समिति सहित विभिन्न दुर्गा पूजा समितियों के साथ सदैव खड़ी है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जिला प्रशासन का पूरा सहयोग पूजा समितियों को मिलेगा। मौके पर मुख्यमंत्री ने रांची महानगर श्री दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों को अपनी ओर से हार्दिक शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर रांची महानगर श्री दुर्गा पूजा समिति के संयोजक श्री अजीत सहाय, उपसंयोजक (अध्यक्ष, झारखंड गौ सेवा आयोग) श्री राजीव रंजन प्रसाद, सहसंयोजक श्री जयसिंह यादव, अध्यक्ष श्री चंचल चटर्जी, वरीय उपाध्यक्ष श्री राजन वर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष श्री प्रदीप राय बाबू सहित श्री अशोक यादव, श्री नितिन जय यादव, श्री अमरनाथ साहू, श्री संजय सिन्हा गोपू, श्री रमेश सिंह, श्री संजय मिनोचा, श्री सागर कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।
###
==========================
TeamPRD(CMO)